NBT PAGE 4

LU: मार्च के दूसरे सप्ताह से होगी दाखिले की होड़

■ एनबीटी सं., लखनऊ : एलयू में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए रेगुलर व सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया मार्च के दूसरे सप्ताह से शुरू हो जाएगी। वहीं ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन अगस्त माह में किए जा सकेंगे। इसको लेकर एडमिशन सेल ने तैयारी शुरू कर दी है। वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया जुलाई तक पूरी करने की योजना है। प्रवेश लेने के लिए एलयूआरएन आवश्यक होगा।

ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में अगस्त से शुरू होगी प्रक्रिया

वीसी ने बताया कि एलयू बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रमों को ऑनलाइन शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सिलेबस बन चुका है। हालांकि सीट और फीस तय होना बाकी है। जल्द ही यूजीसी से कई विषयों को भी ऑनलाइन शुरू करने की अनुमति मिल जाएगी।

सत्र पटरी पर लाने का प्रयास: एलयू में शैक्षिक सत्र पटरी पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके मद्देनजर इस बार विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं दिसंबर में ही करा ली गईं थीं। वहीं अब परीक्षा विभाग सम सेमेस्टर की परीक्षाएं जून माह में शुरू करवाने की तैयारी कर रहा है। अकेडमिक कैलेंडर के हिसाब से कक्षाओं और परीक्षाओं के आयोजन के लिए एलयू प्रवेश प्रक्रिया जल्द ही शुरू करने की कोशिश कर रहा है।

विकास में युवाओं की भूमिका पर चर्चा

■ एनबीटी, सं., लखनऊः सतत विकास की प्रभावशीलता और दक्षता सुनिश्चित करने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मार्ग को बनाने, बनाए रखने के लिए निर्णय लेने और नीति विकास में युवाओं की पूर्ण और समान भागीदारी आवश्यक है। यह बात सीआईएएटीई के सीईओ डॉ. दयानंद टंडन ने गुरुवार को एलयू में समाज कार्य विभाग की तरफ सतत विकास को प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका पर आयोजित सेमिनार में कही। इस मौके समाज कार्य विभाग के एचओडी प्रो. राकेश द्विवेदी, डॉ. शिखा सिंह, विश्व युवा केंद्र के अजीत कुमार के साथ ही शिक्षक, शोध छात्र और एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

LU: बेकार डिब्बों और तारों से बनाया ट्रक

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू के मेधावी छात्र परिषद की वाबी-साबी बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने बेकार वस्तुओं से उपयोगी सामान बनाए। कार्डबोर्ड से खूबसूरत तितली बनाने वाली अनन्या सिंह को प्रथम, मिठाई के डिब्बों और पुराने तारों से ट्रक बनाने के लिए मारिया खातून को दूसरा स्थान मिला। जबकि गरिमा सिंह ने बल्बों से मनी प्लांट होल्डर बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। मेधावी छात्र परिषद की अध्यक्ष आस्था पटेल, महामंत्री श्रीकांत सिंह, उपाध्यक्ष श्रेया यादव और अर्पित उपाध्याय ने प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान वीसी प्रो. आलोक कुमार राय, डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू, निर्माण अधीक्षक प्रो. डीके सिंह और डीएसडब्ल्यू के सदस्यों ने कलाकृतियों को देखा और उनकी सराहना की। अकादमिक के अधिष्ठाता प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डॉ. आकांक्षा सिंह और प्रो. आरपी सिंह ने जज की भूमिका निभाई।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

योग से होगी लक्ष्य की प्राप्ति : डॉ. बुद्धिसागर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की ओर से 'योग समुदाय : एक शक्तिशाली रिश्ता' विषय पर कार्यक्रम हुआ। बीबीएयू के डॉ. बुद्धिसागर ने बताया कि योग का अर्थ आत्मा का ईश्वर से मिलन है। यदि कोई व्यक्ति योग समाधि को अपनाता है तो योग के माध्यम से लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। (संवाद)

युवाओं की शक्ति से संभव सतत विकास : डॉ. दयानंद टंडन

लखनऊ। सीआईएएटीई के सीईओ डॉ. दयानंद टंडन ने कहा कि देश के सतत विकास की प्रभावशीलता और दक्षता सुनिश्चित करने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन्हें नकारना भारत के भविष्य को मंच न देना है। वह बृहस्पतिवार को लविवि के समाजकार्य विभाग में युवाओं के सतत विकास पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने कहा कि सतत विकास को तीन श्रेणियों सामाजिक, आर्थिक व पर्यावरण विकास में बांटकर प्राप्त किया जा सकता है। डॉ. शिखा सिंह, अजीत कुमार समेत शिक्षक, शोध छात्र और एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू में पीएचडी समेत कई विषयों के परिणाम जारी हुए

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के तहत 14 विषयों के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट देख सकते हैं।

एलयू में सत्र 2023-24 पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के मद्देनजर 24 व 25 फरवरी को दोनों परिसरों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसमें लगभग छह हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया था।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि राजनीति विज्ञान, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, अंग्रेजी, वेस्टर्न हिस्ट्री, गणित, भूगोल, शारीरिक शिक्षा, गृह विज्ञान, सांख्यिकी, प्राणीशास्त्र, पत्रकारिता एवं जनसंचार, पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस, बायोकेमिस्ट्री और एंथ्रोपोलॉजी में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के रिजल्ट जारी कर दिए गए है। अभ्यर्थी शुक्रवार से वेबसाइट पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। प्रवेश परीक्षा क्वालिफाई करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

एमबीए और एलएलबी के नतीजे: एलयू में विषम सेमेस्टर परीक्षा-2023 के तहत एलएलबी और एमबीए का परीक्षाफल जारी कर दिया गया है। परीक्षार्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परिणाम देख सकेंगे। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एलएलबी तीन वर्षीय एनईपी पंचम सेमेस्टर और एमबीए एंटरप्रोन्योरशिप एंड फैमिली बिजनेस, फाइनेंस, कंट्रोल, ह्यूमन रिसोर्स, बिजनेस व मार्केटिंग प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट भी जारी किया गया।

24 और 25 फरवरी को हुई थी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

शारीरिक शिक्षाः पीएचडी कोर्सवर्क का रिजल्ट आया

एलयू में शारीरिक शिक्षा विभाग के पीएचडी कोर्स वर्क सत्र 2022-23 का रिजल्ट घोषित किया गया है। जिसमें कुल 48 शोधार्थियों में से 45 को पास दिखाया गया है। जबकि तीन शोधार्थी अनुपस्थित रहे। इस संबंध में विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने आदेश जारी कर दिया है।

विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया जल्द शुरू करने की तैयारी

रेगुलर-सेल्फ फाइनेंस के आवेदन मार्च, ऑनलाइन कोर्स में अगस्त से

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। एलयू में रेगुलर व सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया मार्च के दूसरे सप्ताह में शुरू होगी। ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में आवेदन की शुरूआत अगस्त माह से तय मानी जा रही है।

एलयू में शैक्षिक सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया जल्द शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए प्रवेश प्रकोष्ठ की ओर से प्रॉस्पेक्टस और प्रवेश संबंधित अन्य जानकारियां बनाई जा रही हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि स्नातक व परास्नातक में मार्च के दूसरे हफ्ते में आवेदन शुरू किए जाएंगे। एलयू को हाल ही में यूजीसी ने बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रमों को ऑनलाइन माध्यम से शुरू करने की मान्यता दी है। जिसका सिलेबस बन चुका है। कुलपति प्रो. आलोक राय का कहना है कि ऑनलाइन कोर्स में आवेदन अगस्त से शुरू होंगे।

एलयू में मेधावी छात्र परिषद की ओर से गुरुवार को वाबी-साबी बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की प्रतिभा देखते कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय।

यौन उत्पीड़न अधिनियम पर कार्यशाला हुई

विधि संकाय की संस्था विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसका विषय कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 था।

योग के आठ मार्गों से जीवन में सफल होंगे

शिक्षाशास्त्र विभाग की ओर से योग और समुदायः एक शक्तिशाली रिश्ता पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि बीबीएयू के डॉ. बुद्धिसागर रहे। उन्होंने कहा कि योग का अर्थ आत्मा का ईश्वर से मिलन है। योग के आठ मार्गों से जीवन में सफलता मिलती है।

छात्रों ने कार्डबोर्ड से तितली डिब्बों-तारों से ट्रक बनाई

एलयू के मेधावी छात्र परिषद की ओर से वाबी-साबी बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में लगभग 70 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। बेकार पड़ी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाई। मेधावी छात्र परिषद की अध्यक्ष आस्था पटेल, महामंत्री श्रीकांत सिंह आदि ने मुख्य रूप से प्रतियोगिता आयोजित की। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू, निर्माण अधीक्षक प्रो. डीके सिंह आदि ने छात्रों को कलाकृति बनाते हुए देखा। जज अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डॉ. आकांक्षा सिंह और प्रो. आरपी सिंह मौजूद रहे। जिन्होंने कार्डबोर्ड से एक खूबसूरत तितली बनाने वाली छात्रा अनन्या सिंह को प्रथम घोषित किया। मारिया खातून को बेकार मिठाई के डिब्बों और पुराने तारों से ट्रक बनाने के लिए दूसरा स्थान मिला। बल्बों से मनी प्लांट होल्डर बनाने वाली गरिमा सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा के नतीजे जारी

एलयू में पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 14 विषयों के नतीजे जारी हो गए हैं। विवि की वेबसाइट पर अभ्यर्थी नतीजे देख सकते हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा 24 और 25 फरवरी को दोनों परिसरों में हुई थी। सफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। अभ्यर्थी वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं।

एमबीए, एलएलबी के रिजल्ट घोषित

एलयू ने विषम सेमेस्टर परीक्षा-2023 के एमबीए और एलएलबी के रिजल्ट गुरुवार को जारी कर दिए गए। विवि की वेबसाइट पर रिजल्ट अपलोड कर दिए गए है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एलएलबी तीन वर्षीय एनईपी पंचम सेमेस्टर और एमबीए एंटरप्रोन्योरशिप एंड फैमिली बिजनेस, फाइनेंस एंड कंट्रोल, ह्यूमन रिसोर्स, इंटरनेशनल बिजनेस व मार्केटिंग प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। इसके साथ ही शारीरिक शिक्षा विभाग के पीएचडी कोर्स वर्क सत्र 2022-23 का रिजल्ट घोषित किया गया है। विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार के अनुसार 48 शोधार्थियों में 45 पास हुए और तीन अनुपस्थित रहे थे।

i-NEXT PAGE 5

14 सब्जेक्ट के पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम का रिजल्ट डिक्लियर

शुरू करें इंटरव्यू की तैयारी

साफल अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के लिए जल्द जारी होगी तिथि

LUCKNOW (29 Feb): लखनऊ विश्वविद्यालय ने 2023-24 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत 41 में से 14 विषयों के परिणाम जारी कर दिए. इस बार शारीरिक शिक्षा और प्राणि विज्ञान विषय में निर्धारित सीटों से भी कम अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सफल हुए हैं. ऐसे में इनमें सीटें खाली रहेंगी. वहीं, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, भूगोल जैसे विषयों में प्रवेश के लिए कटे की टक्कर होगी. सफल अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के लिए जल्द तिथि तय की जाएगी.

24 और 25 को हुआ था एंट्रेंस एग्जाम

एलयू ने रेगुलर पीएचडी के 41 विषयों में प्रवेश परीक्षा के लिए 24 एवं 25 फरवरी को लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी. परीक्षा निदेशक विजेंद्र सिंह ने बताया कि एलएलबी तीन वर्षीय (एनईपी) पांचवें सेमेस्टर, एमबीए इंटरप्रेन्योरशिप एंड फैमिली बिजनेस, एमबीए फाइनेंस एंड कंट्रोल, एमबीए ह्यूमन रिसोर्स, एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस व एमबीए मार्केटिंग प्रथम सेमेस्टर के परिणाम अंसाइट पर अपलोड किए गए हैं.

एलएलबी रिजल्ट

एलयू ने एमबीए और एलएलबी तीन वर्षीय कोर्स के परिणाम जारी कर दिए हैं. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एलएलबी तीन वर्षीय (एनईपी) पांचवें सेमेस्टर, एमबीए इंटरप्रेन्योरशिप एंड फैमिली बिजनेस, एमबीए फाइनेंस एंड कंट्रोल, एमबीए ह्यूमन रिसोर्स, एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस व एमबीए मार्केटिंग प्रथम सेमेस्टर के परिणाम अंसाइट पर अपलोड किए गए हैं.

सीटों के सापेक्ष रिजल्ट

स्कूल/सब्जेक्ट	सीट	पास कैंडीडेट्स
राजनीति विज्ञान	52	320
व्यवसाय प्रशासन	14	66
अंग्रेजी	19	152
इकनॉमिक्स	12	51
भूगोल	15	131
शारीरिक शिक्षा	22	17
गृह विज्ञान	05	52
सांख्यिकी	07	18
प्राणि विज्ञान	67	59
पास कम्प्यूनिकेशन	04	07

में दाखिले के लिए 24 एवं 25 फरवरी को लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी. गुरुवार को 14 विषयों में जारी प्रवेश परीक्षा परिणाम के अनुसार पब्लिक पालिसी एंड गवर्नेंस विषय में एक सीट पर एक, बायो केमिस्ट्री दो सीटों पर 11 और एंथ्रोपोलाजी में 10 सीटों पर 10 अभ्यर्थी पास हुए हैं.

PIONEER PAGE 3

योग के जरिए लक्ष्य प्राप्ति संभव

पार्थिपुरा समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की तरफ से गुरुवार को 'योग और समुदाय' एक शक्तिशाली रिश्ता' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश कुमार ने चिंतित अतिथि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के डॉ. बुद्धिसागर का स्वागत किया। डॉ. बुद्धिसागर ने बताया कि योग का अर्थ है मिलन, आत्मा का ईश्वर से मिलन। यदि कोई व्यक्ति योग समाधि को अपनाता है तो योग के माध्यम से लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इसके बाद उन्होंने अष्टांग योग के बारे में बताया जिसमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि शामिल हैं। योग के 8 मार्ग जिसके माध्यम से हम जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को योग के अभ्यास के बारे में बताया, साथ ही योग दर्शन और योग के लाभों पर जोर दिया और इसके वैश्विक महत्व पर भी जोर दिया। अंत में उन्होंने आंतरिक अस्तित्व को समझने का मूल स्रोत है। इसके बाद मो. आमिर, अब्दुल रहीम, सैय्यद उजमा सहित कई अन्य शोधकर्ता शामिल रहे। प्रो. अंसारी के अनुसार सिल्वर और गोल्ड नैनो पार्टिकल्स पालक के साथ अन्य पत्तेदार सब्जियों के उत्पादन व सेल्फ लाइफ को बढ़ाने में सहायक होगी।

पीएचडी के 14 विषयों का परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम 1 मार्च को जारी होगा। इसके लिए परीक्षा 24 एवं 25 फरवरी को लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में हुई थी। प्रवेश परीक्षा के अन्तर्गत 14 विषयों में साक्षात्कार के लिए आई अभ्यर्थियों की सूची लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की जा रही है। विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में हुई पीएचडी पेज पर जाकर 01 मार्च से सूची देख सकते हैं।

विवि प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि अर्ह अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार की तिथि जल्द ही जारी की जाएगी। इसमें पाठ्यविज्ञान, इंग्लिश, वेस्टर्न हिस्ट्री, वैष्णव, ज्योग्राफी, पब्लिक एडमिनेशन, होम साइंस, स्टैटिकस, ज्योलॉजी, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेन्स, बायोकेमेस्ट्री और एन्थ्रोपॉलजी हैं।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 4

लविवि में मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में भूपवार को विवि परिसर में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यशाला को आयोजित हुई। विधिक सहायता केंद्र सभी के लिए न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से काम करता है और विधिक साक्षरता और जागरूकता प्रदान करके इस दिशा में सक्रिय प्रयास करता है। आज के जागरूकता कार्यक्रम का विषय कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 था। गरिमा भारद्वाज विधि सहायता केंद्र के सदस्य द्वारा की गयी, जिन्होंने दर्शकों को अधिनियम के बारे में और इसके खारे के ज्ञान रखने के महत्व के बारे में बताया। दर्शकों को विषय पर अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

अजन्ता सिंह को मिला पहला स्थान

लखनऊ। लविवि के मेधावी छात्र परिषद के तत्वाधान में दूसरा को लविवि के वांछे पार्क में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बेकार पड़ी वस्तुओं से उपयोगी चीजें बनानी थी। इस कार्यक्रम में लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और डीन छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) प्रो. संगीता साहू, प्रो. डीके सिंह और डीएसडब्ल्यू के सदस्यों ने टैसोर लॉन का दौरा किया और छात्रों को कलाकृति बनाने में लगे हुए देखा। इन कलाकृतियों को प्रदर्शनित किया गया और छात्रों को प्रोत्साहित किया। प्रांरभ ने छात्रों के साथ बातचीत की और छात्रों को पास को सराहना की क्योंकि इससे उनमें आत्मविश्वास और जीवन के कौशल विकसित करने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में डॉन एके डोमिला प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डॉ. आकांक्षा सिंह और प्रो. आरपी सिंह मौजूद रहे।

एलयूः एमएसपी पर छात्रों ने रखे विचार

लखनऊ। एलयू के अर्थशास्त्र विभाग में एमएसपी को कानूनी अधिकार बनाना आर्थिक रूप से व्यवहार्य है पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। एमए अर्थशास्त्र के 18 छात्रों ने प्रतिभाग किया। छात्रों ने प्रस्ताव के पक्ष और विपक्ष में बात की। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार दूसरे सेमेस्टर की तनीषा तिवारी को दिया गया। उसने एमएसपी देय बनाने का समर्थन किया था। कहा कि हम किसानों की अनदेखी करके अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं कर सकते।

एलयू में गुरुवार को समाज कार्य विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सीआईएएटीई के सीईओ डॉ. दयानंद टंडन ने संबोधित किया।

विकास में युवाओं की अहम भूमिकाः डॉ. दयानंद

लखनऊ। सतत विकास की प्रभावशीलता और दक्षता सुनिश्चित करने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मार्ग को बनाने, बनाए रखने के लिए निर्णय लेने और नीति विकास में युवाओं की पूर्ण और समान भागीदारी आवश्यक है। यह बातें सीआरईएटीई के सीईओ डॉ. दयानंद टंडन ने गुरुवार को एलयू में कहीं। वह समाज कार्य विभाग की ओर से आयोजित सतत विकास को प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका विषय पर बोल रहे थे।

JAGRAN CITY PAGE III

14 विषयों के पीएचडी प्रवेश परिणाम घोषित

शारीरिक शिक्षा, प्राणि विज्ञान विषय में सीटों से कम अभ्यर्थी पास, जल्द होगा साक्षात्कार

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 की पीएच.डी प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत 41 में से 14 विषयों के परिणाम जारी कर दिए। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in के माध्यम से इसे देख सकते हैं। इस बार शारीरिक शिक्षा और प्राणि विज्ञान विषय में निर्धारित सीटों से भी कम अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सफल हुए हैं। ऐसे में इनमें सीटें खाली रहेंगी। वहीं, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, भूगोल जैसे विषयों में प्रवेश के लिए कटे की टक्कर होगी। सफल अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के लिए जल्द तिथि तय की जाएगी।

लविवि ने रेगुलर पीएच.डी के 41 विषयों में दाखिले के लिए 24 एवं 25 फरवरी को लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। गुरुवार को 14 विषयों में जारी प्रवेश परीक्षा परिणाम के अनुसार पब्लिक पालिसी एंड गवर्नेंस विषय में एक सीट पर एक, बायो केमिस्ट्री दो सीटों पर 11, भूगोल में 15 सीटों पर 131, शारीरिक शिक्षा में 22 सीटों पर 17, गृह विज्ञान में पांच सीटों पर 52, सांख्यिकी सात पर 18, प्राणि विज्ञान 67 सीटों पर 59, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में चार सीटों पर सात, पब्लिक पालिसी एंड गवर्नेंस में एक पर एक, बायो केमिस्ट्री दो सीटों पर 11 और एंथ्रोपोलाजी में 10 सीटों पर 10 अभ्यर्थी पास हुए हैं।

एमबीए, एलएलबी का रिजल्ट जारी : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एम.बी.ए और एल.एल.बी तीन वर्षीय कोर्स के परिणाम गुरुवार शाम को जारी कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एल.एल.बी तीन वर्षीय (एनईपी) पांचवें सेमेस्टर, एम.बी.ए इंटरप्रिन्योरशिप एंड फैमिली बिजनेस, एम.बी.ए फाइनेंस एंड कंट्रोल, एम.बी.ए ह्यूमन रिसोर्स, एम.बी.ए इंटरनेशनल बिजनेस व एम.बी.ए मार्केटिंग प्रथम सेमेस्टर के परिणाम वेबसाइट ttps://www.lkouniv.ac.in पर अपलोड किए गए हैं। विद्यार्थी इसके माध्यम से परिणाम देख सकते हैं।

कोर्स वर्क का परिणाम जारी : लवि ने गुरुवार को शारीरिक शिक्षा विभाग के पीएच.डी कोर्स वर्क सत्र 2022-23 का परिणाम जारी कर दिया। कुल 48 में से 45 शोधार्थी उत्तीर्ण हुए। तीन शोधार्थी अनुपस्थित पाए गए। विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने इसकी सूचना वेबसाइट पर जारी की है।

लवि में व्याख्यान : शिक्षा विभाग की ओर से 'योग और समुदायः एक शक्तिशाली रिश्ता' विषय पर गुरुवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बीबीएयू के डा. बुद्धिसागर ने कहा कि योग का अर्थ है मिलन, आत्मा का ईश्वर से मिलन। यदि कोई व्यक्ति योग समाधि को अपनाता है तो योग के माध्यम से लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

लविः नए सत्र की आवेदन प्रक्रिया इसी माह

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षिक सत्र 2024-25 में स्नातक कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया मार्च के दूसरे सप्ताह में शुरू करने की योजना है। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। जल्द ही विश्वविद्यालय आवेदन संबंधी विस्तृत गाइडलाइन जारी करेगा।

कैंपस में स्नातक और स्नातक प्रोफेशनल कोर्सों में ड्रॉपआउट्स कोटे को मिलाकर करीब 4500 सीटें हैं। आवेदन फार्म अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या लवि का एप डाउनलोड करके भी भरने की सुविधा मिलेगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि मार्च में ही आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जल्द ही तिथि जारी होगी।

फीस तय होने के बाद आनलाइन कोर्स के आवेदन : लवि में बी.काम व एम.काम पाठ्यक्रमों को आनलाइन कोर्स संचालन की अनुमति मिल गई है, लेकिन अभी इसकी फीस नहीं तय हो पाई है। लखनऊ विश्वविद्यालय सेंटर फार आनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन के निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव का कहना है कि दोनों कोर्सों की फीस और सीटें तय करने के संबंध में कुलसचिव को एक भेजा गया है। वहां से तय होने के बाद आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कुलसचिव डा विनोद कुमार सिंह ने बताया कि कोर्स की फीस संबंधी प्रस्ताव को वित्त समिति में मंजूरी के लिए रखा जाएगा।

इन विषयों में सीटों के सापेक्ष सफल अभ्यर्थी : वेबसाइट पर जारी पात्र अभ्यर्थियों की सूची के अनुसार राजनीति विज्ञान 52 सीटों पर 320, व्यापार प्रशासन 14 सीटों पर 66, अंग्रेजी 19 पर 152, वेस्टर्न हिस्ट्री 13 पर 24, गणित में 12 पर 51, भूगोल में 15 सीटों पर 131, शारीरिक शिक्षा में 22 सीटों पर 17, गृह विज्ञान में पांच सीटों पर 52, सांख्यिकी सात पर 18, प्राणि विज्ञान 67 सीटों पर 59, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में चार सीटों पर सात, पब्लिक पालिसी एंड गवर्नेंस में एक पर एक, बायो केमिस्ट्री दो सीटों पर 11 और एंथ्रोपोलाजी में 10 सीटों पर 10 अभ्यर्थी पास हुए हैं।

विद्यार्थियों ने बेकार की वस्तुओं से बनाईं काम की चीजें

छात्रा द्वारा बनाई गई उपयोगी सामग्री को देखते कुलपति प्रो. आलोक कुमार ● तवि

जासं, लखनऊ : किसी ने बेकार की वस्तुओं से झोपड़ी तो दूसरे ने वेस्ट तार और कार्ड बोर्ड से तितली बनाई। मौका था लखनऊ विश्वविद्यालय के गांधी पार्क में हुए वबी-सबी बेस्ट आफ वेस्ट प्रतियोगिता का। मेधावी छात्र परिषद की ओर से हुई इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपना हुनर दिखाया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को बेकार वस्तुओं से काम की वस्तु बनानी थीं। इस दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू ने छात्र-छात्राओं की ओर से तैयार की गई वस्तुएं देखकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में जज के रूप में डीन एकेडमिक्स प्रो. गीतांजलि मिश्रा, प्रो. आर्काक्षा सिंह एवं प्रो. आरपी सिंह उपस्थित रहे।

इन्हें मिला पुरस्कार : प्रतियोगिता में पहला स्थान अनन्या सिंह को मिला। उन्होंने वेस्ट वायर और कार्ड बोर्ड से तितली बनाकर यह दिखाया कि जीवन चलता रहता है। दूसरे स्थान पर मारिया खातून रहीं। उन्होंने झाड़ू के तिनके, पुराने कपड़े, गत्ते, माचिस की तीली, बाटल के ढक्कन से ट्रक बनाया। इसमें तीन मजदूरों को भूसा ले जाते भी दिखाया। तीसरे स्थान पर गरिमा सिंह ने जीता। गरिमा ने पुराने फ्यूज बल्ब से पौधे लगाने के लिए प्लांट होल्डर तैयार किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

लवि में कांक्लेव आज

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में शुक्रवार को करियर एवं गाइडेंस सेल व ईपी विकिंग लैबोरेटरी के सहयोग से कांक्लेव का आयोजन किया जाएगा। करियर च्वाइस अनवील्ड: नेविगेटिंग न्यू होराइजन फार सक्सेस विषय पर होने वाले इस कार्यक्रम में छात्रों को देश के शीर्ष उद्यमियों से मिलने तथा उनके अनुभव को जानने का अवसर मिलेगा। सेल की निदेशक डा. वैशाली सक्सेना ने बताया कि मुख्य वक्ता अडानी फाउंडेशन के सीईओ डा. अभिषेक लखटरिया और ड्रवेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश रहेंगे। इसके अलावा कई प्रमुख उद्यमी भी इसमें प्रतिभाग करेंगे। (जास)

तनीषा को पहला पुरस्कार

लखनऊ : लवि के अर्थशास्त्र विभाग में गुरुवार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी अधिकार बनाना आर्थिक रूप से व्यवहार्य विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। इसमें एम.ए अर्थशास्त्र के 18 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम पुरस्कार द्वितीय सेमेस्टर की तनीषा तिवारी, प्रियांशु मिश्रा को दूसरा व सोनल गुप्ता को तीसरा पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर पुरस्कारों का वितरण प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद सिंह, प्रो. रोली मिश्रा उपस्थित रहीं। (जास)

AMRIT VICHAR PAGE 4

प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा बनायी गयी कृलाकृतियों का अवलोकन करते लविवि के कुलपति प